| दिनांक 22.01.2026 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 48/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 की लखनऊ इकाई द्वारा की गयी ट्रैप की कार्रवाई

मा० मुख्यमंत्री उ0प्र0, **श्री योगी आदित्यनाथ जी** द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध **"जीरो टॉलरेंस"** की नीति तथा पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, **श्री राजीव कृष्ण** के सख्त निर्देशों के अनुपालन में भ्रष्टाचार निवारण संगठन, उ0प्र0 द्वारा निरंतर प्रभावी एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है।

उक्त निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 22.01.2026 को **भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ इकाई** द्वारा घनश्याम पाठक निवासी बजारगंज तहसील मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी से मेड़ बन्दी करवाने के एवज में अवैध धनराशि की मांग के सम्बन्ध में की गयी शिकायत पर निरीक्षक श्री निखिल श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूर्वी लखपेड़ा, कस्बा मोहम्मदी के पास से **राजस्व निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार सिंह (तहसील मोहम्मदी खीरी)** पुत्र मिश्रीलाल सिंह निवासी ग्राम पहाडपुरवा थाना खीरी जनपद खीरी को **05 हजार रूपये रिश्वत** लेते हुए गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

| |
|---|
| दिनांक 22.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 49/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना अनूपशहर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 21/22.01.2026 की रात्रि थाना अनूपशहर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अलीगढ़ चौराहा पर चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास कियाा गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–हनी 2–अनुज घायल हो गये, जिन्हें अभियुक्त 3–अरविन्द सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना अनूपशहर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त अनुज के विरूद्ध जनपद बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, सहारनपुर व बुलन्दशहर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के डेढ़ दर्जन अभियोग, अभियुक्त हनी के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर, बिजनौर, सहारनपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 14 अभियोग व अभियुक्त अरविन्द के विरूद्ध जनपद देवरिया, महराजगंज, बुलन्दशहर के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, एनडीपीएस एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–हनी निवासी कमला बिहार पीतल नगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

2–अनुज निवासी कमला बिहार पीतल नगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

3–अरविन्द निवासी गडई थाना गगहा जनपद गोरखपुर हालपता–पीतल बस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना खुर्जा नगर**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 कार**
- **01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 21/22.01.2026 की रात्रि थाना खुर्जा नगर व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शाहपुर मोड से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 कार 01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना खुर्जा नगर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों पर हत्या, हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अंकित निवासी ग्राम शाहपुर कला थाना खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—01 कार।

2—01 अवैध पिस्टल मय जीवित कारतूस।

**<u>जनपद देवरिया/थाना सलेमपुर</u>**

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी 12 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 22.01.2026 को थाना सलेमपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सेंट पाल स्कूल के ग्राउण्ड से 06 अभियुक्तों 1—करन कुमार 2—अमित उर्फ मुलायम 3—राजकुमार उर्फ राजा 4—नवनीत कुमार 5—रोहित 6—सूरज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी 12 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—करन कुमार निवासी पड़री बाजार थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया।

2—अमित उर्फ मुलायम निवासी मुजुरी बुजुर्ग थानाखुखुन्दू जनपद देवरिया।

3—राजकुमार उर्फ राजा निवासी भरौली लार रोड थाना लार जनपद देवरिया।

4—नवनीत कुमार निवासी नैनी डेनी थाना लार जनपद देवरिया।

5—रोहित निवासी खडुआ थाना इम्दरगढ जनपद दतिया, म0प्र0 हालपता—पड़री बाजार थाना खुखुन्दू जनपद देवरिया।

6—सूरज निवासी भरौली लार रोड थाना लार जनपद देवरिया।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी 12 मोटर साइकिल।

- **<u>जनपद बहराइच/थाना को0नानपारा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बहराइच पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बहराइच द्वारा थाना को0नानपारा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि

के अन्तर्गत अभियुक्त जिब्राईल को सश्रम आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद उन्नाव/थाना फतेहपुर चौरासी (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 31 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद उन्नाव पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद उन्नाव द्वारा थाना फतेहपुर चौरासी पर पंजीकृत अभियोग में धारा 377/323 भादवि व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त सोनू को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 31 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली नगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तों को 15–15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व प्रत्येक को 01 लाख 50 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 8/20/21 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–मोहन 2–आबिद उर्फ भोदाल को 15–15 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 01 लाख 50 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

——————